**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 14.06.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने नीस में इंडिया इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन किया।
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय ने आज लाइव योगा सत्र के जरिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
3. मत्स्य पालन विभाग, केंद्रशासित प्रदेश योजना के तहत मछुआरों के लिए सब्सिडी कार्यक्रम लागू कर रहा है।
4. नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान के ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आज नीस में भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह भारत में तेज़ी से बढ़ते नवाचार और स्टार्टअप पारितंत्र को दर्शाता है। भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में एक सौ बीस से अधिक स्टार्टअप, प्रमुख निवेशक, प्रौद्योगिकी लीडर और दुनिया भर के शिक्षा संस्थान शामिल हैं। इसमें उन्नत कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा तथा जैव प्रौद्योगिकी सहित तेरह प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इनोवेट्स भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच एक सेतु के रूप में उभर रहा है जिससे युवा नवप्रवर्तनकारियों के लिए वैश्विक विशेषज्ञता से जुड़ने के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। भारत में स्टार्टअप क्रांति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवा यांत्रिक बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष तकनीक से लेकर हरित ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और रक्षा नवाचार संबंधी वैश्विक चुनौतियों के समाधान विकसित कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत में दो लाख से अधिक स्टार्टअप हैं और भारत लोकोन्मुखी नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय ने आज यूट्यूब पर आयोजित एक लाइव योग सत्र के जरिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस ऑनलाइन योग कार्यक्रम में चार लाख पैतींस हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह उपलब्धि दुनिया भर में योग की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम है – स्वस्थ आयु के लिए योग।

<><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। 20 जून को सुबह 10 बजे परिसर में आयोजित होने वाले दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत में कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित पड़े मामलों और सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर में दायर होने वाले पूर्व–मुकदमों की सुनवाई की जाएगी। इच्छुक पक्ष या अधिवक्ता अपने आवेदन 16 जून शाम 5 बजे तक कलकत्ता उच्च न्यायालय सर्किट बेंच परिसर, पोर्ट ब्लेयर में जमा कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित तिथि तक कार्यालय की ईमेल पर भी भेजे जा सकते हैं। निर्धारित सीमा के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर अगली लोक अदालत में सुनवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, केंद्रशासित प्रदेश योजना के तहत मछुआरों के लिए सब्सिडी कार्यक्रम 'मत्स्य पालन इनपुट की आपूर्ति – आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं' लागू कर रहा है। गैर–जनजातीय श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत और जनजातीय श्रेणी के लिए 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को द्वीपसमूह का मछुआरा या जनजाति, उनके पास पंजीकृत गैर–मोटरीकृत या मोटरीकृत मछली पकड़ने वाली नाव, साथ ही वर्तमान वर्ष सहित लगातार दो वर्षों का वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस होना चाहिए। इसके लिए वर्ष 2026–27 के दौरान आवश्यक मत्स्य पालन आवश्यकताएं खरीदने के इच्छुक नगरपालिका और जनजातीय क्षेत्रों के मछुआरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन फॉर्म और विस्तृत नियम व शर्तें मत्स्य पालन निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों और नजदीकी मत्स्य उप–केंद्रों से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा फॉर्म प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन 30 जून तक मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालय या उप–केंद्र में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान के ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं। दक्षिण अंडमान के गुप्तापाड़ा और सीडीपीओ कार्यालय (डिगलीपुर) क्षेत्र में 17 से 19 को शिविर लगेगा। इसके अलावा हम्फ्रीगंज में 16 और 17 जून को, वंडूर तथा नील केन्द्र में 18 और 19, टुश्नाबाद में 22 और 23, कोलीनपुर में 24 और 25 जून को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन विशेष शिविरों के दौरान नागरिकों से आधार से जुड़े कार्यों को पूरा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय वयोश्री और ADIP योजना के तहत द्वीपसमूह में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए निशुल्क मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ADIP योजना के लाभार्थियों के पास  न्यूनतम 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता का वैध UDID कार्ड होना, और उनकी मासिक आय बाइस हजार पांच सौ से कम होनी चाहिए, जबकि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत आने वाले आवेदक की उम्र साठ वर्ष से अधिक और उनकी मासिक आय पन्द्रह हजार से कम होनी चाहिए। शिविर बाईस जून को ब्रुक्शाबाद में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा फरारगंज में 23, बाराटांग में 25, रंगत में 26, मायाबंदर जिला अस्पताल में 27 और 28 जून को डिगलीपुर के चिकित्सा केन्द्रों पर लगेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा कल डेयरी फार्म स्थित एएनसीए चेस सेंटर में अंडर–9 शतरंज चयन ट्रायल्स का आयोजन किया गया। यह चयन आगामी उनतीसवीं राष्ट्रीय अंडर–9 शतरंज चौंपियनशिप के लिए किया गया, जो 6 से 12 जुलाई तक झारखंड में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों को 20 जून तक अपनी लिखित सहमति व्हाट्सएप के माध्यम से जमा करने के लिए सूचित किया गया है। निर्धारित समय सीमा तक सहमति नहीं मिलने पर अवसर मेरिट सूची में अगले पात्र खिलाड़ियों को प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस द्वारा अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के सहयोग से द्वितीय डीजीपी कप अंडमान एवं निकोबार राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता–2026 का आयोजन 27 और 28 जून को पुलिस लाइन स्थित ड्रिल हॉल, एपीयू, श्री विजयपुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन फिडे

शतरंज नियमों के तहत स्विस प्रणाली के अनुसार किया जाएगा। इसमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वर्ष 2026–27 का एआईसीएफ पंजीकरण अनिवार्य होगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 25 जून तक स्पोर्ट्स सेक्शन, एपीयू पुलिस लाइन, श्री विजयपुरम में जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 10वीं परिचय मेमोरियल राज्य ओपन बैडमिंटन चौंपियनशिप–2026 का आयोजन 23 से 26 जून तक श्री विजयपुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के तहत विभिन्न आयु वर्गों तथा सीनियर वर्ग (पुरुष एवं महिला) की स्पर्धाएं शामिल हैं। इन वर्गों में एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि अंडर–11 और अंडर–13 वर्ग में एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित होंगी। बैडमिंटन खिलाड़ियों, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न संगठनों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। भाग लेने की अंतिम तिथि बाइस जून है। अधिक जानकारी के लिए 9434–280–768 पर संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**